**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 15-10-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा सिद्धार्थ नगर के थाना शिवनगर डिड़ई अन्तर्गत ग्राम सेमरहना में मिशन शक्ति फेज-5.0/ साइबर जागरुकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में जनपदीय स्कूलों की छात्राओ/महिलाओं को किया गया जागरूक।**
- **मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत कर एक दिवस के लिए क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी के रूप में दायित्व प्रदान करने हेतु संबंधित को किया गया निर्देशित।**

आज दिनांक 15.10.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री अभिषेक महाजन की उपस्थिति में थाना शिवनगर डिड़ई अन्तर्गत ग्राम सेमरहना में 'मिशन शक्ति फेज-5.0' व साइबर जागरुकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम मे शिरकत किया गया। कार्यक्रम मे आमंत्रित जनपद के विभिन्न स्कूलों (सरदार पटेल राष्ट्रीय इं0का0 ,स्वर्गीय प्यारी देवी इं0का0,दीनबंधु इं0का0, रामफुलारे इं0का0, रामसेवक रामकुमार इं0का0,श्रीमती चंद्रावती देवी इं0का0, स्व0 शिवपति देवी आदर्श इं0का0 ) के छात्र-छात्राओं/शिक्षकों व उनके अभिभावकों को डीआईजी बस्ती द्वारा संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमो,हेल्पलाइन नंबरो 1090,181,112,1076,102,108 आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। इस अवसर पर डीआईजी बस्ती द्वारा जनपद स्तर पर इंटरमीडियट परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अनुष्का पटेल को 01 दिवस के लिये क्षेत्राधिकारी बांसी एवं हाईस्कूल की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आस्था पटेल को दिनांक 16.10.2025 को प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिडई बनाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, विभिन्न विद्यालयों की कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली कुल 18 मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

डीआईजी बस्ती द्वारा बताया गया कि प्रत्येक थाने पर मिशन शक्ति केन्द्र स्थापित किया गया है जहां पर जाकर कोई भी छात्रा/महिला अपनी समस्याओं को सुगमता से महिला कर्मी को बता सकेगी जिसपर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सभी को साइबर अपराध/फ्राड व उससे बचाव के संबंध मे जानकारी प्रदान कर जागरुक किया गया तथा किसी भी प्रकार के साइबर अपराध/फ्राड होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 अथवा साइबर पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने हेतु बताया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारी बांसी श्री सुजीत राय ,प्र0नि0 शिवनगर डिडई मनोज कुमार श्रीवास्तव , शाइस्ता प्रभारी जनपदीय एण्टीरोमियो,प्रभारी मिशन शक्ति सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**